प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज गोरखपुर में सैनिक स्कूल का किया उद्घाटन : कहा– बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम ह शिक्षा।
2. मेरठ मेट्रो के आधुनिक इंटीरियर और यात्री सुविधाओं का आज किया गया अनावरण : 13 स्टेशनों के बीच चलेगी तीन कोच वाली मेरठ मेट्रो।
3. प्रदेशभर में आज से हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ गणेश उत्सव : घरों के साथ भव्य पंडालों में विराजे गणपति।
4. हाथरस में कल देर शाम हुए सड़क हादसे में 4 बच्चों समेत 17 लोगों की मौत : मृतकों के परिजनों को दी गई 4–4 लाख रुपये सहायता।

और

5. लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में तीन मंजिला इमारत ढही : हादसे में एक की मौत, 20 घायलों को निकाला गया बाहर, बचाव और राहत कार्य जारी।

———————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम है जो समाज से बुराइयों और कुरीतियों को

समाप्त करतो है। उपराष्ट्रपति ने नवनिर्मित स्कूल के बुनियादी ढांचे की सराहना करते हुए कहा कि इस सैनिक स्कूल में श्रेष्ठ सुविधाएं हैं, जो देश के अन्य सैनिक स्कूलों और मिलिट्री स्कूलों के लिए एक उदाहरण है।

*पूर्वांचल कितना महत्वपूर्ण अंग है उत्तर प्रदेश का और यहां की प्रथम सैनिक स्कूल और ऐसी सैनिक स्कूल जिसका ढांचा अद्भुत है मैं सैनिक स्कूल में पला–बढा हूं। मैंने अनेक स्कूलों में जाकर, मिलिट्री स्कूल में जाकर ढांचा देखा है आपने जो करिश्मा यहां किया है वह भविष्य की पीढ़ी का निर्माण का एक रास्ता है जो पूरे देश को दिखाएगा।*

उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि वे असफलता से न घबराएं, क्योंकि यही सफलता की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि आज का भारत बदला हुआ देश है। राज्य सरकार की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि गोरखपुर नेपाल, पश्चिमी बिहार और पूर्वांचल क्षेत्र में रहने वाली लगभग तीन करोड़ की आबादी के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र है। बाइट..........

*गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी उत्तर बिहार और नेपाल की तीन करोड़ से अधिक की आबादी का शिक्षा का, स्वास्थ्य का, व्यापार का और रोजगार का प्रमुख भी गोरखपुर है। गोरखपुर आज नये भारत के विकास की यात्रा में आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा और मागदर्शन में अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक परम्परा को क्षुण्य बनाये रखते हुए विकास की एक नई गति को आगे बढ़ा रहा है।*

सैनिक स्कूल, पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला सैनिक स्कूल है। वहीं यह उत्तर प्रदश का पांचवां सैनिक स्कूल है, जिसमें से तीन झांसी, अमेठी और मैनपुरी में हैं, जो रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित हैं। वहीं चौथा और देश का पहला सैनिक स्कूल जो लखनऊ में है, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित है। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने चित्रकूट स्थित जगद्‌गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में आयोजित आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत ऋषि परम्परा का देश है। यहां पर सप्त ऋषियों की पूजा होती है। भारत का इसी परम्परा के बल पर डंका बजता है।

—————————

मेरठ मेट्रो के आधुनिक इंटीरियर और यात्री सुविधाओं का आज गाजियाबाद के दुहाई स्थित आरआरटीएस डिपो पर अनावरण किया गया। मेरठ मेट्रो को यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम–एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने बताया कि मेरठ में 13 स्टेशनों के बीच तीन कोच की मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जाएगा। इस मेट्रो की अधिकतम परिचालन गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा रखी गई है। बाइट.....

*ये गर्वमेंट ऑफ इं डिया और गर्वमेंट ऑफ यूपी का एक बहुत अच्छा एक इनीशेटिव है जोकि जून 2025 तक चालू होगा। ये जो मेरठ मेट्रो का सफर है ये 23 किलोमीटर का सफर होगा। इसमें 13 स्टेशन होंगे और इस सफर को करने के लिये जो हमारी ट्रेन है, उसमें तीन कार की ये ट्रेन होगी। इसकी डिजाइन स्पीड हम लोगों ने 135 किलोमीटर प्रति घंटा रखी है और ऑपरेटिंग स्पीड 120 किलोमीटर प्रति घंटा रखी हैं, जो सुविधाएं हम लोगों ने आरआरटीएस नमो भारत ट्रेन में दी थी वहीं सुविधाएं हमने यहां भी रखी है, जिसके कारण ये कोई पैसेंजर है या कोई पेशेंट है, या कोई डिफरेंटली एबल्ड हमारा पैसेंजर है जोकि स्ट्रेचर पर हो या जो कोई लिफ्ट हो, उसके लिये हम लोगों ने लिफ्ट को भी आडिफाई किया है, जिसके कारण से पूरा स्ट्रेचर लिफ्ट में आ सगे और उस स्टेचर को हम लोग ट्रांसपोर्ट करके ट्रेन में भी जा सकते हैं।*

——————————

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मलेशिया के लिए सीधी उड़ान 13 सितंबर से शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि लखनऊ से कुअलालंपुर के लिए यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को रात 10 बजे उड़ान भरेगी। कुआलालंपुर से लखनऊ के लिए उड़ान रविवार, मंगलवार और गुरुवार को होगी जा रात 9 बजकर 25 मिनट पर चौधरी चरण सिंह एयर पोर्ट पहुंचेगी।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

बहराइच में भेड़िये के आतंक के बीच अन्य जनपदों में भी वन्य जीवों से संघर्ष की खबरे आ रही हैं। मिर्जापुर के कुसीयरा गांव में बीती रात सियार ने 4 बच्चों समेत सात लोगों को घायल कर दिया। सभी घायलों को उपचार के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। ग्रामीणों ने वन विभाग को मामले की जानकारी दे दी है।

उधर, बहराइच में भेड़ियों को पकड़ने के लिये वन विभाग का सर्च ऑपरेशन जारी है। इस बीच वन्य जीवों के हमले के दस पीड़ितों के खातों में आज सहायता राशि भेज दी गई। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि प्रत्येक घायल के खाते में पांच हजार चार सौ रुपये भेजे गये हैं।

——————————

देशभर में दस दिनों का गणेश चतुर्थी उत्सव हर्षो उल्लास के साथ आज से शुरू हो गया। इसी क्रम में वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में विधि–विधान से गणेश चतुर्थी का पूजन संपन्न हुआ। गणेश उत्सव पूरी आस्था के

साथ 17 सितंबर तक मनाया जाएगा। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.........

*राजधानी लखनऊ में गणेश उत्सव के लिये 200 से अधिक समितियों ने पंडाल सजाने की अनुमति ली है। सबसे बड़ा पंडाल हनुमान सेतु के पास झूलेलाल वाटिका में लगाया गया है। 14000 वर्ग फुट में फैला या पांडाल रानी पद्मावती के महल की तर्ज पर तैयार किया गया है। निशातगंज के पेपर मिल में पूजा पंडाल को जगन्नाथ धाम के रूप में बनाया गया है। इसके अलावा शहर के आईटी चौराहा, अमीनाबाद, चौक, कैसरबाग, अलीगंज, समेत अन्य जगहों पर भी पूजा समितियो द्वारा गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसके अलावा लोग घरों में भी गणपति की स्थापना कर रहे हैं। बाजारों में गणपति की मूर्तियों और पूजा सामग्री खरीदने के लिये लोगों की काफी भीड़ है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए हैं। कई स्थानों पर यातायात को भी परिवर्तित किया गया है।*

*मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

——————————

हाथरस के राष्ट्रीय राजमार्ग तिरानबे पर मीतई गांव के पास कल देर शाम रोडवेज बस और चार पहिया वाहन की टक्कर में चार बच्चों सहित सत्रह लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई अन्य घायल हो गये। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना ओवरटेक करने के प्रयास में हुई। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष और मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये और घायलों को एक–एक लाख रुपये की सहायता राशि

दी गई है। केन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और क्षेत्रीय विधायक धर्मपाल सिंह ने हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को आज सहायता राशि के चेक सौंपे।

——————————

लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में आज शाम हरमिलाप नाम की तीन मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि मलबे में दबे 20 लोगों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रदेश के राहत आयुक्त ने बताया कि 8 एंबुलेंस मौके पर हैं और बचाव व राहत कार्य जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं।

——————————

प्रदेश में कलाकारों की तरह साहित्यकारों को भी पेंशन दी जायेगी। साठ वर्ष की आयु पूरी कर चुके साहित्यकारों को पेंशन के रूप में प्रतिमाह दो हजार रूपये मिलेंगे। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कवि कुंभ में इसकी घोषणा की।

——————————

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज महराजगंज के जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेंटर का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर सुधार किया है और गरीबों को मुफ्त इलाज मिले, इसके लिए आयुष्मान कार्ड भी दिया है।

(समाप्त)